(i) National Collection of Designs.

(ii) Preservation of Handloom samples and fabrics including traditional handloom products of various States.

(iii) Documentation with an attached museum of traditional textiles and a library, and

(iv) Resaarch on traditional handloom products.

(b) At present these is no such proposal.

(c) Does not arise.

(d) The purpose nf setting up a National Design Centre and Museum is to create the facilities at the National level only.

### मूल्य वृद्धि

834. श्रीमती किशोरी सिन्हा :
श्री भीम सिंह :
डा० सुब्रह्मण्यम स्वामी :
श्री टी. एस. नेगी : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मई-जून 1984 के दौरान मूल्य में आम तौर पर वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या है ;

(ग) इस तरह की मूल्य वृद्धि के क्या कारण हैं ;

(घ) सरकार ने इसे रोकने के लिए क्या उपाय किए हैं ;

(ङ) क्या यह भी सच है कि सरकार समझती है कि इस प्रकार की मूल्य वृद्धि केवल सामयिक प्रभाव है ; और

(च) यदि हां, तो ऐसा समझने का आधार क्या है ?

**वित्त मंत्री (श्री प्रणब मुखर्जी) :** (क) से (च) थोक मूल्य सूचकांक (1970-71=100) में मई 1984 में 1.7 प्रतिशत और जून 1984 में 1.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह मूल्य वृद्धि मुख्यत: मौसमी दबावों के कारण हुई है। मूल्यों में प्राय : मई के महीने से मौसमी वृद्धि होने की प्रवृत्ति होती है जोकि रबी की फसल के विपणन की समाप्ति से लेकर सितम्बर तक रहती है जब तक आगामी खरीफ की फसल बाजार में आनी शुरू होती है। पिछले 5 वर्षों के दौरान मई और जून के महीनों में मूल्यों में कुल मिलाकर हुई वृद्धि, 1983 में 3.2 प्रतिशत, 1982 में 3.2 प्रतिशत, 1981 में 1.5 प्रतिशत, 1980 में में 5.2 प्रतिशत और 1979 में 3.5 प्रतिशत थी।

सरकार द्वारा समय-समय पर मांग और पूर्ति, दोनों दिशाओं में मुद्रास्फीति को रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इनमें, अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहन देना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाना, अधिक मात्रा में खाद्यान्न, चीनी और खाद्य तेल जारी करना, राजकोषीय अनुशासन को लागू करना और बैंकिंग प्रणाली से नकदी बाहुल्य को समेटना शामिल है।

### Closure of Textile Mills in Tamil Nadu and Pondicherry

839. SHRI K. T. KOSALRAM : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) the number and names of textile mills and the period for which they have remained closed in Tamil Nadu and in the Union Territory of Pondicherry alongwith the number of workers involved in these closed mills ; and

(b) the steps proposed to be taken for reopening them so that the workers get back their livelihood ?